रोल नं. ................ **NLCS/09/ हिन्दी /104/91**

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2025–2026

**समयावधि 3 घंटे** **पूर्णांक 80**

सामान्य निर्देश :

1 इस प्रश्न पत्र में चार खंड है – खंड 'क', 'ख', 'ग',और 'घ'।

2 दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए सभी खंडों के प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।

3 यथा संभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

## खंड – 'क' (अपठित बोध)

प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए–

वैज्ञानिकों का मानना है कि दुनिया भर में पढ़ते पर्यावरण संकट को कम करने में जैविक खेती एक उपचारक भूमिका निभा सकती है । गौरतलब है कि भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में प्राकृतिक खेती बड़े पैमाने पर अपनाई जा रही है । धीरे-धीरे दक्षिण, मध्य भारत और उत्तर भारत में भी यह किसानों में लोकप्रिय हो रही है। अब किसानों ने जैविक खेती को एक सशक्त विकल्प के रूप में अपना लिया है। गौरतलब है कि जैविक या प्राकृतिक खेती की तरफ भारतीय किसानों का रुझान लगातार बढ़ रहा है। धीरे-धीरे जैविक खेती का प्रचलन बढ़ रहा है। जैविक बीज, जैविक खाद, पानी, किसानों के यंत्र आदि की आसानी से उपलब्धता जैविक खेती की लोकप्रियता को और अधिक बढ़ा रही है। प्राकृतिक खेती को लेकर अनुसंधान भी बहुत हो रहे हैं। किसान नए-नए प्रयोग कर रहे हैं। इससे कृषि वैज्ञानिक भी प्राकृतिक खेती को लेकर अधिक उत्साहित है। कृषि वैज्ञानिकों का मानना है कि जैविक या प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने से पर्यावरण, खाद्यान्न, भूमि, इंसान की सेहत, पानी की शुद्धता और बेहतर बनाने में मदद मिलती है। रासायनिक खाद और कीटनाशकों के इस्तेमाल से होने वाली बीमारियों और समस्याओं की जानकारी न होने की वजह से किसान इनका प्रयोग बहुत ज्यादा करने लगा है। वहीं दूसरी तरफ सिक्किम में प्राकृतिक खेती से पर्यावरण को जितनी मदद मिली है उससे साफ हो गया है कि प्राकृतिक खेती को अपना कर कई समस्याओं का समाधान हो सकता है।

बहुविकल्पीय प्रश्न 1×3=3

1. आज जैविक खेती की माँग क्यों बढ़ती जा रही है ?

(क) सस्ती होने के कारण (ख) अधिक उत्पादन के कारण

(ग) स्वच्छ पर्यावरण के कारण (घ) सरकारी मदद मिलने के कारण

2. सही कथन का चयन कीजिए –

(क) उत्तर भारत में जैविक खेती के लिए प्रेरणा की जरूरत है।

(ख) पूर्वोत्तर राज्यों में जैविक खेती के प्रति अधिक उत्साह है

(ग) लोगों में प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी का अभाव है ।

(घ) प्राकृतिक खेती के लिए विश्वविद्यालय से शिक्षित होना जरूरी है ।

3. कथन और कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए –

कथन-- किसान रासायनिक खाद और कीटनाशकों का इस्तेमाल करते हैं ।

कारण-- बीमारियों और समस्याओं की जानकारी न होना ।

(क) कथन गलत है किंतु कारण सही है ।

(ख) कथन और कारण दोनों ही गलत है ।

(ग) कथन सही है और कारण कथन की सही व्याख्या करता है ।
(घ) कथन सही है किंतु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता है ।

लघूत्तरात्मक प्रश्न 2×2=4

4.जैविक खेती किसानों की पहली पसंद बने इसके लिए क्या करना चाहिए ?

5. जैविक कृषि हमारे सामान्य जीवन को किस प्रकार बेहतर बनाने में मदद करती है ?

प्र.2 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों की सही उत्तर लिखिए -

सहानुभूति चाहिए, महाविभूति है यहीय वशीकरण सदैव है बनी हुई स्वयं मही ।
विरुद्धवाद बुद्ध का दया-प्रवाह में बहा,
विनीत लोक वर्ग क्या न सामने झुक रहा ?
अहा ! वही उदार है परोपकार जो करें,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ।।
रहो ना भूल के कभी मदांध तुच्छ वित्त में,
सनाथ जान आपको करो न गर्व चित्त में ।
अनाथ कौन है यहाँ ? त्रिलोकनाथ साथ है,
दयालु दीनबंधु के बड़े विशाल हाथ है ।
अतीव भाग्यहीन है अधीर भाव जो करें,
वही मनुष्य है जो मनुष्य के लिए मरे ।।
अनंत अंतरिक्ष में अनंत देव है खड़े,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ।।

बहुविकल्पीय प्रश्न 1×3=3

1. परोपकारी व्यक्ति के स्वागत के लिए आकाश में कौन तत्पर रहते हैं?
(क) चाँद-तारे (ख) बादल (ग) देवता (घ) अंतरिक्ष यात्री

2. किसका भूल कर भी अहंकार नहीं करने को कहा है?
(क) वित्त का (ख) बुद्धि का (ग) सनाथ का (घ) हाथों का

3. कथन और करण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-
कथन- परोपकार व्यक्ति ही उदार होते हैं ।
कारण- वे दूसरों के लिए सर्वस्व त्याग करने को तैयार रहते हैं ।
(क) कथन सही है किंतु कारण गलत है। (ख) कथन गलत है किंतु कारण सही है ।
(ग) कथन व कारण सही है और कथन कारण की सही व्याख्या करता है ।
(घ) कथन व कारण सही है और कथन कारण की सही व्याख्या नहीं करता है ।

लघूत्तरात्मक प्रश्न 2×2=4

4. कवि ने हम सबको सनाथ क्यों कहा है ?

5. भगवान बुद्ध ने किस प्रकार लोगों को अपना बना लिया ?

## खंड – 'ख' (व्यावहारिक व्याकरण)

प्र.3 निर्देशानुसार शब्द निर्माण पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 1×4=4

1. 'प्रत्युपकार' में से उपसर्ग और मूल शब्द अलग-अलग कीजिए –

2. 'सु' उपसर्ग लगाकर दो शब्द बनाइए-

3. ‘राजनैतिक’ में मूल शब्द और प्रत्यय अलग-अलग कीजिए-

4. ‘गोलंदाज’ मूल शब्द और प्रत्यय अलग-अलग कीजिए-

5. ‘उपकारी’ शब्द में से उपसर्ग प्रत्यय अलग-अलग कीजिए-

प्र.4 निर्देशानुसार समास पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 1×4=4

1. ‘शरण में आया हुआ’ वाक्यांश के लिए समास पद लिखिए-

2. ‘पंचवटी’ का समास का प्रकार लिखिए-

3. ‘विषधर’ का समास विग्रह कर समास का प्रकार भी लिखिए-

4. ‘असत्य’ का समास का प्रकार लिखिए-

5. 'देश-विदेश’ का समास विग्रह कर प्रकार भी लिखिए –

प्र.5 निर्देशानुसार वाक्य भेद पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 1×4=4

1. ‘मैं विद्यालय नहीं जा रहा हूँ ।‘ प्रस्तुत वाक्य को आज्ञावाचक वाक्य में बदलिए ।

2. ‘मुझे उससे मिलना है।’ प्रस्तुत वाक्य को निषेधात्मक वाक्य में बदलिए ।

3. ‘क्या बात है।’ प्रस्तुत वाक्य को विस्मयादिबोधक वाक्य में बदलिए ।

4. ‘आधुनिक युग विज्ञान का युग है।‘ वाक्य का प्रकार बताइए-

5. ‘महादेवी जी चाहती थी कि गांधीजी उनकी कविता सुनें।‘वाक्य का प्रकार बताइए –

प्र.6 निर्देशानुसार अलंकार पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए । 1×4=4

1. 'पास हीरे हीरे की खान,खोजता कहाँ और नादान।’ प्रस्तुत पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार बताइए ।

2. 'कालिंदी कूल कदंब की डारन।‘ पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार बताइए ।

3. 'जो करते विप्लव, उन्हें हरि का आतंक।‘ पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार बताइए ।

4. 'ब्रज के बन बाग तड़ाग निहारौं।‘ पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार बताइए ।

5. यमक अलंकार का एक उदाहरण लिखिए जो प्रश्न पत्र में नहीं लिखा हो ।

## खंड ‘ग’ (क्षितिज एवं कृतिका )

प्र.7 निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- 1×5=5

जटिल प्राणियों के लिए सालिम अली हमेशा एक पहेली बने रहेंगे। बचपन के दिनों में उनकी एयरगन से घायल होकर गिरने वाली, नीले कंठ की गोरैया सारी जिंदगी उन्हें खोज के लिए नए-नए रास्तों की तरफ ले जाती रही। जिंदगी की ऊँचाइयों में उनका विश्वास एक क्षण के लिए भी डिगा नहीं। वह लॉरेंस की तरह नैसर्गिक जिंदगी का प्रतिरूप बन गए। सालिम अली प्रकृति की दुनिया में एक टापू बनने की बजाय अथाह सागर बनकर उभरे थे। जो लोग उनके भ्रमणशील स्वभाव और उनकी यायावरी से परिचित है, उन्हें महसूस होता है कि वो आज भी पक्षियों की सुराग में ही निकले हैं और बस अभी गले में लंबी दूरबीन लटकाए अपने खोजपूर्ण नतीजों के साथ लौट आएँगे।

1. सालिम अली के जीवन की राहों की बदलने का क्या कारण था? उपयुक्त विकल्प को चुनकर लिखिए-

    1. प्रकृति प्रेमी बनने की घटना
    2. जटिल प्राणियों की घटना
    3. गोरैया के घायल होने की घटना ।
    4. विश्वास डगमगाने की घटना।

    (क) केवल 1 सही (ख) केवल 2 और 3 सही

(ग) केवल 3 सही (घ) केवल 3 और 4 सही

2. लॉरेंस कौन थे ?

(क) अंग्रेजी के प्रसिद्ध उपन्यासकार और प्रकृति प्रेमी (ख) पक्षी प्रेमी

(ग) सामाजिक कार्यकर्ता (घ) कवि

3. सालिम अली के व्यक्तित्व से भली-भाँति परिचित लोगों को उनके विषय में आज भी क्या प्रतीत होता है?

(क) वह प्राकृतिक चीजों को जानना चाहते हैं। (ख) वह बचपन के दिनों में खोए हुए हैं ।

(ग) वे अपने सपनों में खोए हुए हैं। (घ) आज भी वे पक्षियों की खोज में निकले हुए हैं ।

4. कथन (A) गोरैया की खोज उन्हें नए-नए रास्तों की ओर ले जाती रही ।

कारण (R) उनका विश्वास एक क्षण के लिए भी नहीं डिगा ।

(क) कथन (A) और कारण(R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन(A) की सही व्याख्या करता है।

(ख) कथन (A) और कारण(R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन(A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(ग) कथन (A) सही है, किंतु (R) गलत है ।

(घ) कथन (A) गलत है, किंतु (R) सही है ।

5. सालिम अली के अथाह सागर बनकर उभरने से क्या तात्पर्य है ?

(क) वे बहुत ज्ञानी थे। (ख) वे स्वभाव से रूखे थे ।

(ग) वे स्वभाव से बहुत खुले और उदार थे। (घ) वे घूमते रहते थे ।

प्र.8 निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-1×5=5

क्यों हूक पड़ी ?
वेदना बोझ वाली - सी
कोकिल बोलो तो !
क्या लूटा ? मृदुल वैभव की
रखवाली – सी,
कोकिल बोलो तो !
क्या हुई बावली ?
अर्धरात्रि को चीखी,
कोकिल बोलो तो !
किस दावानल की
ज्वालाएँ हैं दीखी ?
कोकिल बोलो तो !

1. उपरोक्त काव्यांश में वक्ता और श्रोता है –

(क) कवि और कोयल (ख) लेखक और कोयल

(ग) प्रकृति और कोयल (घ) आशा और निराशा

2. कवि को कोयल के कूकने से क्या आभास हुआ ?

(क) वह पागल हो गई । (ख) उसके दिल पर बहुत बड़ा बोझ है।

(ग) उसका मीठा स्वर किसी ने लूट लिया है। (घ) उपरोक्त सभी

3. कवि ने किस दावानल की ज्वालाओं का भयंकर और दु:खदायी बताया है?

(क) कोयल की आवाज को। (ख) निंद्रा में सो रहे व्यक्तियों की दशा को

(ग) सैनिकों की नीतियों को (घ) अंग्रेजी राज की क्रूर नीतियों को

4. कथन (A) : कोयल की वाणी में बेचैनी है ।

कारण (R) : कोयल को बुरे समय का आभास हो रहा है ।

(क) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(ख) कथन (A) और करण (R) दोनों सही है परंतु कारण (R) कथन(A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(ग) कथन (A) सही है, किंतु (R) गलत है ।

(घ) कथन (A) गलत है, किंतु (R) सही है ।

5. 'कोयल की वाणी मधुर ऐश्वर्य की प्रतीक है।' यह कविता की किस पंक्ति से पता चलता है ?

(क) अर्ध रात्रि को चीखी। (ख) क्यों हुई बावली

(ग) मृदुल वैभव की रखवाली सी (घ) वेदना बोझ वाली सी

प्र.9 गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में लिखिए- 2×3=6

1. दो बैलों की कथा कहानी में साँड और बैलों के मध्य होने वाले मुकाबले से आपको क्या प्रेरणा मिलती है? तर्क सहित उत्तर दीजिए –

2. तिब्बत में पहाड़ का सर्वोच्च स्थान कौनसा है तथा इसे किस प्रकार सजाया गया था ? "ल्हासा की ओर" पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

3. ''सुख की व्याख्या बदल गई'' के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है ? 'उपभोक्तावाद की संस्कृति' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए –

4. कन्जुर किसे कहा गया है तथा उसकी क्या विशेषताएँ बताई गई हैं "लहासा की ओर" पाठ के आधार पर लिखिए-

प्र.10 पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में लिखिए- 2×3=6

1. साखियाँ और सबद में वर्णित पंक्ति "मोको कहाँ ढूँढे बंदे" के आधार पर बताइए कि प्रभु की प्राप्ति का सबसे सरल मार्ग क्या है ?

2. "जेब टटोली कौड़ी न पाई, माझी को दू क्या उतराई ।" भावार्थ स्पष्ट कीजिए -

3. गोपियाँ श्रीकृष्ण का स्वरूप किस प्रकार धारण करना चाहती है ? "सवैया" पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए-

4. अपने वाखों में ललद्यद ने जिस सामाजिक सद्भाव एवं एकता का संदेश दिया है, वर्तमान लोकतांत्रिक भारत के संदर्भ में उसका क्या महत्त्व है ? 'वाख' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए –

प्र.11 कृतिका पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 से 60 शब्दों में लिखिए- 4×2=8

1. 'मुहर्रमी सूरत' किसकी,कब और क्यों दिखाई दे रही थी ? इस "जल प्रलय में" पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए -

2. नौजवान और कुत्ते के आपसी व्यवहार को देखकर आपको किन मानवीय मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा मिलती है ? "इस जल प्रलय में" पाठ के आधार पर बताइए –

3. नाव में बाढ़ के समय पिकनिक मनाने आए युवक-युवतियों की कौन सी मानसिकता झलकती है ? उनके साथ बुरा व्यवहार क्यों हुआ था ?

## खंड 'घ' (रचनात्मक लेखन)

प्र.12 निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए- 6

1. ऑनलाइन शिक्षा का बढ़ता प्रचलन।
   संकेत बिंदु - ऑनलाइन शिक्षा से अभिप्राय, ऑनलाइन शिक्षा के लाभ तथा हानियाँ, उपसंहार ।
2. विश्व योग दिवस
   संकेत बिंदु - योग का महत्त्व, योग भारत की धरोहर, विश्व में योग को स्थापित करने में भारत की भूमिका ।
3. आधुनिकता और युवा वर्ग
   संकेत बिन्दु - युवाओं की पसंद, विचारों में परिवर्तन, रिश्तों में दूरियाँ, समाधान ।

प्र.13 आपका नाम अमित / अमिता है आपने कुछ दिन पहले पुस्तक मेले का भ्रमण किया । वहाँ के अनुभवों को बताते हुए अपने दादाजी को पत्र लिखिए। 5

अथवा

आपके मोहल्ले के पार्क के आसपास कई अनाधिकृत रूप से ठेले और खोमचे वालों ने डेरा जमा लिया है उन्हें हटाने के लिए नगर निगम के मुख्य आयुक्त को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। 5

प्र.14 आपका नाम अंकित/अंकिता है। आपको अपना बैंक का खाता अपने नजदीकी बैंक में खुलवाना है। इसकी जानकारी देते हुए पुराने बैंक के प्रबंधक को खाता स्थानांतरित करने हेतु लगभग 100 शब्दों में ई-मेल लिखिए।

अथवा

''संघर्षो से हार नहीं मानना ही जिंदगी है'' विषय पर लगभग 100 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए - 5

प्र.15 आप अपने विद्यालय की ओर से आयोजित किसी पर्वतीय स्थल के शैक्षिक भ्रमण पर जाना चाहते है । उसके लिए अनुमति लेते हुए अपने पिताजी के साथ संवाद कीजिए। 4

अथवा

आपके विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण हेतु वन-महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया है। इसकी जानकारी देते हुए लगभग 80 शब्दों में सूचना लिखिए –

*****